धनबाद। झारखंड के क्रिकेटरों के अब अच्छे दिन आने वाले हैं। क्योंकि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) ने अपने कुछ नियमों में बदलाव करते हुए बाहरी खिलाड़ियों की एंट्री पर रोक लगा दी है। अब बाहरी क्रिकेटर आकर उनके हक पर डाका नहीं डाल सकेंगे।

जानकारी के अनुसार झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) ने जूनियर क्रिकेट टीम से खेलने के लिए नए नियम बनाए हैं। अब झारखंड (अविभाजित बिहार) में जन्मे या यहां पढ़ाई कर रहे खिलाड़ी ही टीम में खेल सकेंगे। अब से बड़े घरों के पैरवी पुत्रों को राज्य की जूनियर टीम में जगह नहीं मिलेगी।

जेएससीए टूर्नामेंट सब कमेटी ने नए नियम पर मुहर लगा दी है। आरोप लगते रहे हैं कि झारखंड में बाहर के क्रिकेटर आकर स्थानीय खिलाड़ियों का हक छीन लेते हैं। जेएससीए ने नए नियम को अपने बायलॉज में भी शामिल कर लिया है।

गौरतलब हो कि पहले सिर्फ मेडिकल टेस्ट पास करने के बाद देश के किसी भी कोने का खिलाड़ी झारखंड से खेल सकता था लेकिन अब ऐसा संभव नहीं है।

जेएसएसीए उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि बाहर के खिलाड़ी जेएससीए के जूनियर क्रिकेट में नहीं खेल सकेंगे। इससे स्थानीय क्रिकेटरों को अधिक अवसर मिलेंगे।

जेएससीए ने राज्य स्तर के साथ-साथ जिलास्तर पर भी यह नियम लागू कर दिया है। अब जिला क्रिकेट संघ भी अपने यहां से बाहरी खिलाड़ियों को निबंधन नहीं करा सकेगा।

यह भी पढ़े : सीएम रघुवर बोले- नीतीश व मरांडी कर रहे हैं ओछी राजनीति
यह भी पढ़े : झारखंडः डायनप्रथा के नामपर विधवा महिला को बांधकर पीटा
यह भी पढ़े : फंस गया नन बैंकिंग का DO, करता था ठगी
यह भी पढ़े : **पर्यावरण दिवसः** चास वनक्षेत्र की पहाड़ियों पर मोरों का डेरा
यह भी पढ़े : पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार के बूते संभव नहीं: रघुवर दास